हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

# मेट्रो सिटी

नागपुर, शनिवार, 21 जून 2025


## नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार वीडियो वायरल करने की दी थी धमकी

**नागपुर.** अजनी पुलिस ने सक्करदरा थाना क्षेत्र की रहने वाली एक 16 वर्षीय नाबालिग से दुष्कर्म और अश्लील वीडियो बनाने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान आयुष विनोद वैरागडे (21 वर्ष अजनी निवासी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, पीड़िता और आरोपी की पहचान साल 2023 में हुई थी और वे मोबाइल पर बातचीत करते थे। दिनांक 01.08.2024 से दिनांक 18.06.2025 की दोपहर 12.00 बजे के बीच, आरोपी ने पीड़िता को अपने घर बुलाया। पीड़िता के नाबालिग होने का फायदा उठाते हुए, आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर जबरन शारीरिक संबंध बनाए। इतना ही नहीं, उसने पीड़िता के अश्लील वीडियो भी बनाए। जब पीड़िता ने आरोपी से शादी के बारे में पूछा, तो आरोपी ने वीडियो क्लिप वायरल करने की धमकी दी, पीड़िता के साथ झगड़ा किया और उसे गालियां दीं।






# स्मार्ट सिटी के फाइबर नेटवर्क को बचाने के लिए उठाया कदम

**नागपुर.**



शहर में विभिन्न संगठनों द्वारा चल रहे विकास कार्यों के कारण नागपुर स्मार्ट सिटी द्वारा लगाए गए सीसीटीवी के ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क को नुकसान पहुंच रहा है। विकास कार्य के दौरान ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क कट जाता है और सुरक्षा व्यवस्था बाधित होती है। इसके लिए ऑप्टिकल फाइबर केबल को आवश्यक सार्वजनिक सेवा मानते हुए विकास कार्य में शामिल संगठनों को इस संबंध में पूर्व सूचना देनी चाहिए , ऐसा मनपा आयुक्त और प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी ने कहा। नागपुर स्मार्ट सिटी ने शहर में ऑप्टिकल फाइबर केबल के काटे जाने की समस्या के समाधान के लिए शुक्रवार (20 जून) को विभिन्न विभागों की कार्यशाला आयोजित की। इस कार्यशाला में ऑप्टिकल फाइबर केबल को आवश्यक सार्वजनिक सेवा घोषित किया गया तथा नागपुर महानगरपालिका आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी ने शहर के विकास कार्यों में शामिल संस्थाओं को पूर्व सूचना देने के निर्देश दिये।

नागपुर महानगरपालिका के डॉ. पंजाबराव देशमुख सभागृह में आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता डॉ. चौधरी ने की। इस दौरान अतिरिक्त आयुक्त वसुमना पंत, वैष्णवी बी उपस्थित थीं। बैठक में महावितरण , महानगरपालिका, बीएसएनएल महा मेट्रो के मुख्य अधिकारी व कार्यकारी अभियंताओं सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए आयुक्त ने कहा कि नागपुर शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए नागपुर सेफ एंड स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत शहर के 700 चौकों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और यह नागपुर की सुरक्षा के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण कदम है। इसमें फाइबर नेटवर्क बाधित हो रहा है। इसे रोकने के लिए स्मार्ट सिटी की ओर से एसओपी तैयार किया गया है और अब सभी विभागों को खुदाई करने से पहले स्मार्ट सिटी से अनुमति लेना आवश्यक है। साथ ही कुछ विभागों ने सुरक्षा राशि भी जमा नहीं की है. नागपुर स्मार्ट सिटी के ई-गवर्नेंस विभाग के महाप्रबंधक डॉ. शील घुले ने अपने परिचय में कहा कि नागपुर शहर में 700 चौकों पर 3686 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

कुछ कैमरे बंद हैं, जिससे नागपुर पुलिस और नागपुर महानगर पालिका को परेशानी हो रही है। कैमरे कानून व्यवस्था और मानसून के दौरान उपयोग किए जाते हैं।

स्मार्ट सिटी द्वारा सभी विभागों के लिए एसओपी तैयार किए गए हैं और अब सभी विभागों को किसी भी खुदाई को शुरू करने से पहले भूमिगत केबल के बारे में जानकारी प्राप्त करना आवश्यक होगा। कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क अधिकारी मनीष सोनी ने किया। कार्यक्रम में महावितरण के मुख्य अभियंता, मनपा की अधीक्षण अभियंता लीना उपाध्याय उपस्थित थे। स्मार्ट सिटी की कंपनी सचिव भानुप्रिया ठाकुर, महामेट्रो की वरिष्ठ उप परियोजना प्रबंधक, नागपुर सुधार ट्रस्ट, एमएसआरडीसी, जिला परिषद और अन्य विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## नशे के खिलाफ शहर पुलिस का 'ऑपरेशन थंडर' अभियान तेज

### नशामुक्त समाज की ओर बढ़ा कदम

**नागपुर.**



अंतरराष्ट्रीय नशामुक्त दिवस से पहले, नागपुर शहर पुलिस ने पुलिस आयुक्त रवींद्रकुमार सिंगल की अगुवाई में 'ऑपरेशन थंडर' एक साथ आएं, नशामुक्त समाज बनाएं' पहल के तहत "नशामुक्त जागरूकता सप्ताह" की शुरुआत की है। यह अभियान 20 जून 2025 से 26 जून 2025 तक पूरे नागपुर शहर में चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में, आज दिनांक 20 जून 2025 को गणेशपेठ पुलिस थाना क्षेत्र के चाचा नेहरू उद्यान में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

"नशामुक्त समाज ही राष्ट्रीय उन्नति" की अवधारणा पर आधारित इस कार्यक्रम में गांधी सागर तालाब, चाचा नेहरू उद्यान कल्याणकारी संस्था, योग संपदा, योग नृत्य ग्रुप गणेशपेठ, परफेक्ट योग ग्रुप और सूर्य नमस्कार ग्रुप गणेशपेठ का संयुक्त सहयोग रहा।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पुलिस उपायुक्त महक स्वामी थीं। उनके साथ वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संजय मेंढे,वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक ज्ञानेश्वर भेदोडकर, पूर्व सहायक पुलिस आयुक्त कैलाश तानकर, सहायक पुलिस निरीक्षक पांडुरंग जाधव, पूर्व नगरसेवक मनोज साबले, राजा भैय्या हुड्डाजी, योग शिक्षक गंगाधर पोडल्लीवार गुरुजी, किशोर चरडे, राजेश कुंभलकर और 100 से 150 अन्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत राजमाता जिजाऊ को पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर, पुलिस उपायुक्त महक स्वामी ने नागपुर शहर को नशामुक्त बनाने का आह्वान किया।

उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए नशे के दुष्परिणामों, युवाओं को नशीले पदार्थों से दूर रखने के लिए परिवार के मुखियाओं द्वारा उठाए जाने वाले कदमों और "नशामुक्त समाज ही राष्ट्रीय प्रगति" की अवधारणा पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संजय मेंढे ने नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए आवश्यक उपायों पर प्रकाश डाला। उन्होंने परिवार के मुखियाओं से अपने बच्चों की देखभाल करने, उनकी गतिविधियों और उनके दोस्तों पर नजर रखने का आग्रह किया ताकि बच्चे नशे या नशीले पदार्थों की लत में न पड़ें। उन्होंने नागपुर शहर में कहीं भी नशीले पदार्थों की बिक्री की जानकारी होने पर पुलिस को सूचित करने की अपील की और आश्वासन दिया कि नशीले पदार्थ रखने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। "अंतर्राष्ट्रीय नशामुक्त दिवस" और "नशामुक्त जागरूकता सप्ताह" के अवसर पर, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संजय मेंढे ने सभी उपस्थित लोगों को नशीले पदार्थों से दूर रहने की सामूहिक शपथ दिलाई। नागपुर पुलिस द्वारा यह अभियान शहर को नशामुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# एमआईएम का मनपा उपायुक्त कार्यालय पर घेराव

**नागपुर.**



एआईएमआईएम.. पार्टी. पिछले कई वर्षो से. मनपा प्रमाग. क्र. 30. की मुलभूत सुविधा से वंचित नागरीको की विविध समस्याओ को लेकर मनपा नेहरु नगर झोन क्र. 5 को मोर्चे और ज्ञापन के माध्यम से निवेदन पत्र देकर आगाह किया गया. परंतु नागरीको की गंभिर जायज मांगे पर ध्यान नही दिया जा रहा है. इन गंभिर मुलभूत समस्याओ को लेकर एमआईएम नेता शकील पटेल और इसहाक मन्सुरी के नेतृत्व में नागपुर महानगर पालिका के निगम उपायुक्त का घेराव किया गया, मालूम रहे की ताजआबाद सरीफ में अगले जून माहीने से हज़रत सैय्यद मोहम्मद बाबा ताजुद्दीन सहाब का उर्स मुबारक सुरु होने जा रहा है. ऐसे हालात में प्रशासन के द्वारा अमृत योजना अंतर्गत सिवरेज के काम आधे अधूरे किये गए. जिसकी वजह से पुरे रोड़ में बड़े बड़े खड्डे हो गए हैं. बार बार झोन को पत्र व्दारा जानकारी देने के बावजूद रोड के खड्डे समतल करने का काम नही किया गया. जाहीर तौर पर बाबा के उर्स में श्रध्दालु लाखो की संख्या में हाजरी देने आते हैं, आगे बारीश का मौसम है. ऐसे मौसम में जानलेवा खड्डो की मरम्मत करके रोड़ समतल नही किया, साथ ही ताजआबाद के पुरे क्षेत्रो में सिवर लाईन के टाके हो या ड्रेनेज लाईन के टाको से गारा किचड तक नही निकाला गया. आये दिन गडर लाईन का गंदा पानी रोड पर बहते दिखाई देते हैं. जिस वजह से पिने के पानी की पाईप लाईन में सिवर लाईन का गंदा पानी बरसो से आ रहा है. नागरिकों के जान और माल से खिलवाड़ प्रशासन के अनदेखी के वजह से हो रही हैं.. हद तो तब बड जाती है, जब ताजआबाद से जुड़े बस्तिया चाहे वो औलिया नगर, सिन्दीबन, संतोषी माता नगर, ठाकुर प्लाट, ताज अंम्मा कॉलोनी, सरताज कॉलोनी, याशिन प्लाट, तौहिद नगर, गौसिया कॉलोनी, मंगल प्लाट, निराला सोसायटी, अतकर ले आऊट, आझाद कॉलोनी, ताज कॉलोनी, टेकडा झोपडपट्टी, देहली वाली अंमा दरगाह के सामने और पिछे की बस्तियों के सिवरेज टाके हो या ड्रेनेज के टाके से गाद कीचड़ नही निकाला गया. आए दिन चोकेज समस्या खड़ी रहती है. नियमित रूप से कचरे की गाड़ीया नही आती.

जिसके कारण जगह जगह कचरों का ढेर लगा रहता है. साफ़ सफाई के आभाव के चलते नागरिकों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कीया जा रहा है. स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सिवर टाके से गाद किचड निकालने के लिए कर्मचारियों की कमी है. बिगार लगवाने वाले सफाई कर्मचारियों की संख्या कम है. ऐसे गंभिर हालत मे नागरीको को जिवन यापन करना पड रहा है. इन गंभीर मुलभूत विविध समस्याओ को लेकर मनपा. निगम उपायुक्त. तथा. पि. डब्ल्यू. डी. मनपा. उपायुक्त. मॅडम बेनर्जी. अवगत कराया. प्रशासन ने इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए मनपा प्रमाग 30.का दौरा. और मुलभूत समस्याओ हल करने आश्वासन दिया. मोर्चा नुमा ज्ञापन मे सामिल. नेता शकील पटेल, इसहाक मन्सुरी, शोएब अहमद, सोहेल खान, कलिम मिरकाशिम, हाजी रियाज़, सोहेल सत्तार, इसहाक कुरेशी, सबदर अमिर, रहमान रशिद, युसुफ मन्सुरी, जमिल मंडप, असलम शेख, आबिद भाई, नुरखान, बाबु खान, शकील शेख, रफीक गनी, शोएब भाई, जब्बार शेख, अब्दुल सईद सद्दाम, समिर अली, अमिन ताजी, अय्युब खान, निसार ताजी, शेख इमरान, शेख तज्जू, शेख रहीम, मोहम्मद अकरम, निसार अली, शेरु भाई, अमान भाई. कार्यकरता उपस्तीत थे

## कपड़ा दुकानदार बेच रहा था प्रतिबंधित ई-सिगरेट

### > पुलिस ने छापामार किया भंडाफोड़

**नागपुर.**



जरिपटका पुलिस थाना अंतर्गत नारी रोड स्थित एक कपड़े की दुकान की आड़ में दुकान मालिक प्रतिबंधित ई- सिगरेट बेच रहा था। क्राइम ब्रांच के एनडीपीएस दस्ते ने गोपनीय जानकारी के आधार पर छापा मारा तो दुकान मालिक सहित दुकान में काम करने वाले एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया गया। दुकान से अवैध रूप से बेची जा रही ई- सिगरेट सहित करीब 1.87 लाख के माल को भी जब्त किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार "ऑपरेशन थंडर" अंतर्गत क्राइम ब्रांच यूनिट 5 की टीम ने 19 जून 2025 को शाम 7:40 बजे से 8:40 बजे के दौरान इस कार्रवाई को अंजाम दिया। दरअसल पुलिस को जानकारी मिली थी की नॉन्सेंस क्लोथिंग शॉप, बाराखड़ी चौक, नारा रोड में अवैध ई-सिगरेट बेची जा रही है। रेड के दौरान दुकान के मालिक जितेंद्र मांगीलाल सोलंकी (36) और उनके कर्मचारी योगेश हरीभाऊ चांदेकर (35) को अवैध रूप से प्रतिबंधित ई-सिगरेट के विभिन्न फ्लेवर के स्टॉक के साथ पकड़ा गया।

आरोपियों के कब्जे से लगभग 1,87,850 रुपये मूल्य की ई-सिगरेट जब्त की गई है। इस मामले में जरीपटका पुलिस थाने में ई-सिगरेट प्रतिबंधक अधिनियम की धाराओं 4, 5, 7, 8 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी और जब्त माल पुलिस के कब्जे में हैं और आगे की जांच जारी है।

### दीवार गिरने से 15 वर्षीय बालिका की मौत

**नागपुर.** ईमामवाड़ा पुलिस थाना अंतर्गत बारा सिग्नल परिसर में एक 15 वर्षीय बालिका की जर्जर दीवार के नीचे दबने से मौत हो गई। यह घटना 16 जून 2025 को शाम करीब 6 बजे बारा सिग्नल, बोरकर गल्ली नंबर 4 में घटी। फिरियादी की नातिन, 15 वर्षीय आस्था बलवंत बिरसमोगरे घर के पीछे कचरा साफ कर रही थी तभी एक जर्जर दीवार उसके ऊपर गिर गई। गंभीर रूप से घायल बालिका को तुरंत मेडिकल चौक स्थित सेंटर पॉइंट अस्पताल में भर्ती कराया गया।






# मॉडल मिल वसाहत पुनर्वास को मिली मंजूरी

### > नितिन गडकरी के प्रयासों से 320 परिवारों को मिलेगा हक का आशियाना

**नागपुर.**



कई वर्षों से लंबित मॉडल मिल वसाहत के पुनर्वास का रास्ता अब साफ हो गया है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के सतत प्रयासों के चलते गणेशपेठ स्थित इस वसाहत के 320 परिवारों को हक का घर मिलने जा रहा है।

इस खुशखबरी के बाद वसाहत के नागरिकों ने गडकरी से मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त किया। यह वसाहत विदर्भ की एकमात्र कामगार कॉलोनी है, जहां कई पीढ़ियों से परिवार रह रहे हैं। वर्षों से यहां के नागरिकों को पक्के घर का सपना अधूरा था। इस मुद्दे को लेकर नितिन गडकरी और तत्कालीन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विशेष रुचि दिखाई, जबकि पूर्व महापौर अर्चना डेहनकर ने लगातार इस मुद्दे को शासन स्तर पर उठाया।

हालांकि 2007 से 2012 के बीच राज्य सरकार द्वारा एफएसआई कम किये जाने के कारण योजना अटक गई थी। इसके बाद एफएसआई बढ़ाने की माँग बार-बार की गई। 2022 से 2024 के बीच सरकार ने विशेष अधिसूचना जारी की और 3.16 एकड़ में से लगभग 1 एकड़ भूमि पर पुनर्वास योजना को मंजूरी दी गई। साथ ही एफएसआई भी बढ़ा दिया गया। हाल ही में निर्माण ठेकेदार को नक्शा मंजूरी पत्र भी मिल गया है, जिससे अब घर निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो सकेगी। कामगारों ने गडकरी और अर्चना डेहनकर के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निरंतर प्रयासों के कारण आज उन्हें पक्के घर का सपना साकार होता दिख रहा है।

### ठेकेदार से 22 महीने में निर्माण का लिखित आश्वासन लें: गडकरी

गडकरी ने कामगार प्रतिनिधियों को सुझाव दिया कि वे ठेकेदार से 22 महीनों में घर निर्माण पूरा करने का लिखित करार लें। इस दौरान भाजपा शहर अध्यक्ष दयाशंकर तिवारी, पूर्व महापौर अर्चना डेहनकर, और कामगार प्रतिनिधि पृथ्वीराज शंभरकर, मोहन बानाईत, दीपक बानाईत, मानकर और केशव श्रोते आदि उपस्थित थे।

CMYK

# कामठी पुलिस ने ऑपरेशन थंडर के तहत चलाया नशा मुक्ति अभियान

## > आंधले, जुमड़े ने नशा करने वालों को दी समझाइश

**कामठी.**

पुलिस आयुक्त रविंद्र कुमार सिंघल आदेशानुसार एवं परिमंडल पांच के पुलिस उपायुक्त निकेतन कदम व सहायक पुलिस आयुक्त विशाल क्षीरसागर के मार्गदर्शन में जूना कामठी थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रशांत जुमड़े एवं नवीन कामठी थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश आंधले के नेतृत्व में जूना कामठी थाना एवं नवीन कामठी थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से नशा मुक्ति अभियान चलाया हुआ है।

इमलीबाग स्थित मैदान में आयोजित ऑपरेशन थंडर के तहत 20 से 26 जून तक चलने वाले अभियान में आज शुक्रवार को नशे के आदी लोगों के स्वजन को चिन्हित कर उनकी काउंसलिंग की गई। नशीले पदार्थों के तेज़ी से बढ़ रहे उपयोग और उससे होने वाले दुष्परिणाम को देखने हुए अभियान चलाया जा रहा है। 26 जून को अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस है। इस उपलक्ष में पुलिस मुख्यालय ने नशामुक्ति जनजागृति सप्ताह का आयोजन करने के निर्देश जारी किए हैं। उन्हें कानून व चिकित्सा संबंधी मदद करने का भी आश्वासन दिया। आयोजित कार्यक्रम में जूना कामठी थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक एवं नवीन कामठी थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश आंधले द्वारा नशे में लिप्त लोगों के स्वजन को नशा मुक्ति को लेकर जागरूक कर नशे की लत से दूर रहने की समझाइश दी गई और लोगों को यह बताया कि इलाज के लिए पुलिस द्वारा मदद की जाएगी। साथ ही स्कूल, कॉलेज में प्रतियोगिताएं आयोजित भी की जाएगी। उन्होंने निर्देश भी दिए है कि ऐसे क्षेत्र जहां नशाखोरी की ज्यादा शिकायत मिलती है वहां पुलिस बीट प्रभारी सहित समाजसेवियों को उन क्षेत्रों में भ्रमण करने को कहा है, जहां लोगों को नशे के दुष्परिणाम, नशा कैसे जीवन को बर्बाद करता है तथा शारीरिक रूप से खोखला करता है। इसके सबंध में जानकारी देने को कहा है।








इसके अलावा यह भी पुलिस कर्मियों को आदेश दिए गए है कि उनके क्षेत्रों में जहां शराब, गांजा, अफीम, स्मैक जैसे मादक पदार्थों की बिक्री व परिवहन किया जा रहा है उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। काउंसलिंग में आए लोगों को नशा करने वाले, बेचने वाले लोगों की सूचना देने को भी कहा गया उन्होंने आम लोगों से अपील की है कि कोई भी आपराधिक गतिविधि जैसे जुआ, सट्टा, अवैध शराब, गांजा, चरस, कोकीन, गुटका जैसे घातक पदार्थ बिक्री सहित अन्य गैर कानूनी काम के बारे में जानकारी दे सकते हैं। ताकि बच्चों को इससे बचाया जा सके। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गुप्त रखा जाएगा।

इस मौके पर शिवसेना कामठी विधानसभा क्षेत्र उपप्रमुख राजन सिंह, पूर्व नगरसेवक मोहम्मद अरशद मेंबर, वेलफेयर पार्टी ऑफ इंडिया के रामटेक लोकसभा क्षेत्र प्रभारी अनवारूल हक़ पटेल, छावां मराठा संगठन नागपुर ज़िला अध्यक्ष नियाज़ सिंघानिया, जमिअतुल कुरैश संगठन के सचिव इरशाद कुरैशी, पूर्व नगरसेवक प्रमोद वर्णन, सामाजिक कार्यकर्ता बंटी पिल्ले, मुश्ताक अहमद कप्तान फुटबॉल एकेडमी के सचिव कमाल अख़्तर सलाम सहित पुलिस विभाग के पुलिस उपनिरीक्षक सागर भंडारी, पुलिस उपनिरीक्षक मीणा झाड़े, खुफिया विभाग से अखिलेश राय ठाकुर, अंकित ठाकुर शैलेश यादव, सूचित गजभिए, रवि सावरकर, अन्य गणमान्य, पुलिस अधिकारी व कर्मचारी प्रमुखता से मौजुद रहें।

### आज ऑपरेशन थंडर के तहत नशा मुक्ति रैली को बावनकुले व सिंघल करेंगे मार्गदर्शन

कामठी ऑपरेशन थंडर के अंतर्गत नशा मुक्ति अभियान को लेकर एक महत्वपूर्ण रैली का आयोजन जय स्तंभ चौक पर किया जाएगा, जिसमें राजस्व मंत्री, पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले और पुलिस आयुक्त रविंद्र सिंघल मिलकर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। वहीं रैली की शुरुआत मैत्री रिहैबिलिटेशन के तुषार नातू, जिन्होंने नशे की आदत से सफलतापूर्वक मुक्ति पाई है, वे भी अपने जीवन अनुभवों से प्रेरणादायक मार्गदर्शन देंगे। उपरोक्त वक्तव्य व्यक्त करते हुए डीसीपी निकेतन कदम ने बताया कि इस रैली का मुख्य उद्देश्य नशे के बढ़ते खतरे से निपटने और युवाओं को इस दलदल से बाहर निकालने के लिए प्रभावी रणनीतियों पर अमल करना है। इस अभियान में पुलिस प्रशासन के साथ-साथ समाज के विभिन्न वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले और पुलिस आयुक्त रविंद्र सिंघल के मार्गदर्शन में, नशा मुक्ति केंद्रों को मजबूत करने, जागरूकता अभियान चलाने और नशे के तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने पर जोर दिया जाएगा। यह पहल समाज को नशे से मुक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, और उम्मीद है कि इस संयुक्त प्रयास से सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे।

# यूको बैंक की धरमपेठ शाखा का भव्य उद्घाटन

## > कार्यपालक निदेशक विजयकुमार निवृत्ती काम्बले की गरिमामयी उपस्थिति



**नागपुर.**

भारत सरकार के प्रतिष्ठित सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक यूको बैंक की नई शाखा धरमपेठ, नागपुर का उद्घाटन आज बैंक के कार्यपालक निदेशक विजयकुमार निवृत्ती काम्बले की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर यूको बैंक के अंचल प्रमुख आनंद कुमार माहेश्वरी, उप अंचल प्रमुख सौरभ श्रीवास्तव, तथा धरमपेठ शाखा के प्रमुख श्री तुषार वांजारी भी उपस्थित रहे।

अपने उद्घाटन भाषण में काम्बले ने कहा कि "धरमपेठ में नई शाखा की शुरुआत यूको बैंक के प्रति ग्राहकों के निरंतर बढ़ते विश्वास की प्रतीक है। यह शाखा न केवल ग्राहकों को उत्कृष्ट सेवा प्रदान करेगी बल्कि क्षेत्रीय विकास में भी सहायक सिद्ध होगी।" उन्होंने यूको बैंक की शाखा विस्तार नीति को प्रगति की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया।

इस अवसर पर काम्बले ने यूको बैंक नागपुर अंचल की शाखा प्रमुख कॉनक्लेव की अध्यक्षता भी की, जिसमें नागपुर अंचल के अंतर्गत आने वाली सभी शाखाओं के प्रमुखों ने भाग लिया। उन्होंने शाखा प्रबंधकों से ग्राहकों की सेवा में नवाचार लाने और बैंक की कार्यप्रणाली को और बेहतर बनाने का आह्वान किया। नागपुर प्रवास के दौरान उन्होंने यूको बैंक के ग्राहकों से भी भेंट की और कई महत्वपूर्ण ग्राहक सेवाओं तथा स्वीकृतियों पर चर्चा करते हुए समाधान प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि काम्बले ने 09 अक्टूबर 2023 को यूको बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में पदभार संभाला था। उनके नेतृत्व में बैंक निरंतर ग्राहक सेवा केंद्रित रणनीतियों के चलते शानदार प्रगति कर रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में यूको बैंक का निवल लाभ 47.80% बढ़कर 2,445 करोड़ रुपये हो गया है, वहीं कुल कारोबार 14.12% की वृद्धि के साथ 5,13,527 करोड़ रुपये तक पहुँच गया है। यह उपलब्धियाँ बैंक की सुदृढ़ नीतियों और कुशल नेतृत्व का प्रमाण हैं। धरमपेठ शाखा की शुरुआत यूको बैंक के इसी विकास पथ का नया अध्याय है।

# प्रो. विजयकुमार को 'संस्कृतविजयी' उपाधि के साथ भावभीनी विदाई

## > कहा – "जीवन भर कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय का ऋणी रहूंगा"

**रामटेक.**

कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय, रामटेक में वेदविद्या संकाय के पूर्व अधिष्ठाता और वर्तमान में महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन के कुलपति प्रो. सी. जी. विजयकुमार को सेवानिवृत्ति के अवसर पर बुधवार को एक विशेष कार्यक्रम में भावभीनी विदाई दी गई। विश्वविद्यालय ने उन्हें "संस्कृतविजयी" उपाधि से सम्मानित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने की। मंच पर प्रमुख अतिथियों में रामटेक परिसर के निदेशक प्रो. हरेकृष्ण अगस्ती, संस्कृत भाषा विभागाध्यक्ष प्रो. कविता होले, विज्ञान एवं मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. कृष्णकुमार पांडे, दर्शन संकायाध्यक्ष प्रो. कलापिनी अगस्ती, व्याकरण विभागाध्यक्ष डॉ. जयवंत चौधरी, योजना विकास मंडल के निदेशक प्रो. प्रसाद गोखले, ग्रंथपाल डॉ. दीपक कापड़े, परीक्षा नियंत्रक डॉ. नीलेश मोहरीर और कुलसचिव डॉ. देवानंद शुक्ल उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार और दीप प्रज्वलन से हुई। आयोजन का प्रस्ताविक भाषण प्रो. हरेकृष्ण अगस्ती ने दिया। कुलपति प्रो. त्रिपाठी के करकमलों से प्रो. विजयकुमार को विशेष प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया, जिसका वाचन डॉ. जयवंत चौधरी ने किया। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी ने वीडियो संदेश में कहा कि प्रो. विजयकुमार का कर्मयोग जीवन भर प्रेरणा देता रहेगा। अपने संबोधन में प्रो. विजयकुमार ने कालिदास विश्वविद्यालय को अपने जीवन की सबसे बड़ी प्रेरणा बताते हुए कहा कि "यह विश्वविद्यालय मेरे लिए केवल एक कार्यस्थल नहीं, बल्कि तपस्थली रहा है। जो भी सम्मान और पद मुझे मिला है, उसका श्रेय मैं यहीं के अनुभवों को देता हूं।" कुलपति प्रो. त्रिपाठी ने कहा कि प्रो. विजयकुमार का कार्यकाल विश्वविद्यालय के विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित हुआ है। उनके नेतृत्व, विद्वता और समर्पण को सदैव स्मरण किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रेणुका बोकारे ने किया और आभार प्रदर्शन कुलसचिव डॉ. देवानंद शुक्ल ने किया।





# शिवसेना का 59वां वर्धापन दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया

**कन्हान.**

मराठी मानुष के न्याय, अधिकार और स्वाभिमानपूर्ण जीवन के लिए हिंदूहृदयसम्राट स्वर्गीय बाळासाहेब ठाकरे द्वारा 19 जून 1966 को स्थापित की गई शिवसेना ने इस वर्ष अपनी स्थापना के 59 वर्ष पूर्ण किए। इसी उपलक्ष्य में कन्हान के गणेश नगर स्थित शिवसेना जनसंपर्क कार्यालय में 59वां वर्धापन दिवस भव्य उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाराष्ट्र सरकार के राज्य मंत्री मा.ना. ॲड. आशिषजी जयस्वाल की उपस्थिति में छत्रपती शिवाजी महाराज, बाळासाहेब ठाकरे और धर्मवीर आनंद दिघे जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम का आयोजन शिवसेना नागपुर ग्रामीण के उपजिल्हा प्रमुख वर्धराजजी पिल्ले द्वारा किया गया था।

कार्यक्रम में महिलाओं के लिए विशेष स्पर्धा परीक्षा और पारंपरिक मराठी वेशभूषा से जुड़े सांस्कृतिक उपक्रम भी आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम में शिवसेना तालुका प्रमुख राजू भोस्कर, पूर्व जि.प. सदस्य हर्षवर्धन निकोसे, दीपक शिवरकर, राजेश गोमकळे, रोशन पिंपलामुले, पी.डी. जयस्वाल, जाफर अली सय्यद, शहर प्रमुख गजानन (गज्जु) गोरले, पूर्व न.प. उपाध्यक्ष डायनल शेंडे सहित अनेक गणमान्य अतिथियों ने सहभाग लिया।महिला आघाड़ी की जिला प्रमुख शुभांगी घोगले, अध्यक्षा मनिषा चिखले, उपाध्यक्षा लता लुंढेरे समेत बड़ी संख्या में महिला पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी इस अवसर पर मौजूद रहीं।कार्यक्रम की सफलता में दीपचंद शेंडे, प्रदीप गायकवाड, हरिष तिडके, अजय चव्हाण, प्रकाश नायडू, प्रशांत स्वामी, योगराज अवसरे, विनोद कांबले, अभिलाष पिल्ले, तनिष्क पिल्ले, कल्पित लुंढेरे, धीरज देवांगन, ऋषी मारबते सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।

शिवसेना का यह स्थापना दिवस मराठी अस्मिता, एकता और समाजसेवा की भावना के साथ प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न हुआ।







### महिला के साथ की थी अश्लील हरकत, नागपुर लौटते ही हुआ गिरफ्तार

**वाडी.** वाडी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक दीड़ वर्ष से फरार चल रहे छेड़छाड़ के आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह आरोपी मार्च 2024 से पुलिस की नजरों से बचता फिर रहा था। आरोपी की पहचान रोशन दयाराम बनसोड (38 वर्ष) के रूप में हुई है, जो दवलामेटी क्षेत्र का निवासी है। घटना 3 मार्च 2024 को वाडी थाना क्षेत्र के दृगधामना रोड, आठवा मैल के पास घटी थी। पीड़ित महिला (35), जो मजदूरी करती हैं, बाथरूम का उपयोग कर रही थीं, तभी आरोपी अचानक बिना कपड़ों के वहां घुस आया और जबरन महिला को गले से पकड़ लिया। इस घिनौनी हरकत से महिला घबरा गई और तुरंत वाडी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। मामला गुनाह क्रमांक 122/2024 के तहत भारतीय दंड संहिता की धारा 354 और 354(अ) के अंतर्गत दर्ज किया गया।

# अनिल देशमुख ने किसानों की समृद्धि को बताया राष्ट्र की खुशहाली का आधार

**काटोल.**

पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख ने कहा कि देश की सच्ची समृद्धि तभी संभव है जब देश का हर किसान खुशहाल और सम्मानित जीवन जिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों को न्याय दिलाने के लिए जरूरत पड़ी तो आंदोलन फिर से छेड़ा जाएगा। काटोल स्थित न्यायालय में पेशी के दौरान पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने यह बात कही।

देशमुख ने कहा कि सीमाओं की रक्षा करने वाले जवान और अन्नदाता किसान, दोनों ही देश की शांति और समृद्धि के असली स्तंभ हैं। जब तक किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य और सम्मान नहीं मिलेगा, तब तक देश का वास्तविक विकास संभव नहीं है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि महायुति सरकार किसानों की मूलभूत समस्याओं के समाधान में विफल रही है।

उन्होंने बताया कि महाविकास आघाड़ी सरकार के कार्यकाल में किसानों की बेहतरी के लिए निरंतर प्रयास किए गए थे और आज भी उनका संगठन किसानों की समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी बताया कि आंदोलन के दौरान दर्ज पुलिस मामलों की सुनवाई न्यायालय में चल रही है।

देशमुख ने कहा, "मैं स्वयं किसान हूं और किसानों की तकलीफों को महसूस करता हूं। शरद पवार जैसे वरिष्ठ नेता किसानों के हक में लगातार राज्य और केंद्र सरकार से संवाद कर रहे हैं, बावजूद इसके कई जगह किसानों की आत्महत्या की दुखद घटनाएं सामने आ रही हैं, जो गंभीर चिंता का विषय है।"

इस दौरान उपस्थित किसानों और कार्यकर्ताओं ने आंदोलन के लिए फिर से तैयार रहने की अपील की। देशमुख ने अंत में कहा कि आने वाले समय में ग्रामीण स्तर पर आंदोलन छेड़ने पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है।



# ओडिशा के किसानों के लिए नागपुर में विशेष कपास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**नागपुर.**

ओडिशा के कपास किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों से अवगत कराने हेतु भा.कृ.अनु.प.-के.क.प्रौ.अनु.सं. (सिरकॉट), नागपुर स्थित ओटाई प्रशिक्षण केंद्र में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह छह दिवसीय कार्यक्रम 16 से 21 जून तक चल रहा है, जिसमें ओडिशा राज्य के बौध जिले से आए 27 किसान भाग ले रहे हैं।

प्रशिक्षण का मुख्य विषय है — "कपास के सर्वोत्तम उत्पादन अभ्यास, प्रसंस्करण एवं उप-उत्पादों में मूल्य संवर्धन"। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आधुनिक तकनीकों की जानकारी देना है, ताकि वे कपास उत्पादन की गुणवत्ता बढ़ा सकें, प्रसंस्करण में दक्ष बनें और उप-उत्पादों से अधिक लाभ कमा सकें। यह प्रशिक्षण ओडिशा सरकार की सी.डी.पी.-एम.एल.आई.पी. योजना के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना क्षेत्र में धान पर निर्भरता को कम कर अन्य फसलों की ओर विविधता लाना है। कार्यक्रम का उद्घाटन ओटाई प्रशिक्षण केंद्र, सिरकॉट, नागपुर में हुआ, जिसमें डॉ. ए. के. भारिमल्ला (प्रधान वैज्ञानिक, सिरकॉट, मुंबई), डॉ. के. पांडियन (वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रभारी अधिकारी, ओटाई प्रशिक्षण केंद्र, नागपुर) तथा ललित कुमार साहू (प्रखंड कृषि अधिकारी, ओडिशा) ने सहभागिता कर किसानों का मार्गदर्शन किया। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को खेत भ्रमण, आधुनिक मशीनों का प्रदर्शन, व्यावसायिक कार्यशालाएं एवं विशेषज्ञों के व्याख्यान के माध्यम से व्यावहारिक जानकारी दी जा रही है।

## निधन वार्ता

निधन समाचार के निःशुल्क प्रकाशन हेतु संपर्क करे हमे ई-मेल करे ngpms2019@gmail.com

### छत्रपाल गजभिये



**खापरखेड़ा.** नया भानेगांव वार्ड नं. 3, शिक्षक कॉलोनी निवासी छत्रपाल हिरामनजी गजभिये (58 वर्ष) का 20 मई को सुबह 5:30 बजे अल्प बीमारी के चलते निधन हो गया। उनके पीछे पत्नी, एक पुत्र, तीन पुत्रियां, नाती और आप्तजन हैं। अंतिम संस्का वैकुंठधाम, कोलार नदी, भानेगांव में संपन्न हुआ।

### संजय तुरणकर



**वर्धा.** सेवाग्राम के हावरे ले-आउट निवासी संजय राजाराम तुरणकर (आयु 56 वर्ष) का गुरुवार रात हृदयाघात से निधन हो गया। वे कस्तूरबा अस्पताल में कर्मचारी थे। उनके पीछे माता, पत्नी, एक पुत्री, एक पुत्र और दो बड़े भाईयों सहित बड़ा परिवार शोकाकुल है। अंतिम संस्कार आज दोपहर सम्पन्न हुआ।

### महेशचंद्र अग्रवाल



**नागपुर.** सरजू टाउन निवासी महेशचंद्र बाकेबिहारी अग्रवाल 'शक्करवाले' (उम्र 73 वर्ष) का दुखद निधन दिनांक 20 जून 2025 को हो गया।
उनका अंतिम संस्कार वाठोड़ा घाट पर विधिपूर्वक सम्पन्न हुआ। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान एवं परिवार को यह दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करें।

# तेंदुए का कहर जारी, एक ही रात में दो बकरियों को बनाया शिकार

## > किसान और ग्रामीणों में भय का माहौल, वन विभाग से स्थायी उपायों की मांग

**कोंढाली.**

कोंढाली वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले घुबड़ी उपवन क्षेत्र में बीती रात तेंदुए ने फिर से हमला कर दो बकरियों को मार डाला। यह घटना कामठी (मासोद) निवासी बकरीपालक राजेंद्र मोतीराम बोरजे के घर के आंगण में घटी, जहां एक बकरा और एक बकरी तेंदुए का शिकार बन गए।

इस घटना की सूचना मिलते ही कोंढाली वन परिक्षेत्र अधिकारी (प्रभारी) आर.एफ.ओ. शिरपुरक ने तत्काल घुबड़ी उपवन क्षेत्र के वन परिक्षेत्र अधिकारी गजानन शेटे और वनरक्षक व्ही.आर. सावंत को मौके पर भेजा। टीम ने पंचनामा तैयार कर रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को भेज दी।

जनवरी 2025 से अब तक कोंढाली वन परिक्षेत्र में तेंदुए और बाघों के हमलों में 14 बकरियां, 86 गोवंश एवं अन्य पशु मारे जा चुके हैं। बोर अभयारण्य क्षेत्र के तेंदुए बार-बार मासोद, कामठी, खैरी, बोपापुर, चिखली, तरोड़ा जैसे गांवों में देखे जा रहे हैं।

धोतीवाड़ा के पूर्व सरपंच चंद्रशेखर ढोरे और उपसरपंच रमेश चव्हाण ने बताया कि हल्की बारिश या हवा चलने पर बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है, जिससे रात के समय और भी खतरा बढ़ जाता है। ग्रामीणों ने मांग की है कि तेंदुओं और बाघों को रोकने के लिए वन विभाग स्थायी उपाय करे, और बिजली विभाग भी नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करे। यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो स्थिति और भयावह हो सकती है।

### हिंगनी बफर में बाघों का आतंक

कोंढाली और वर्धा जिले की सीमाओं पर बने हिंगनी बफर वनपरिक्षेत्र में बाघों की गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं। कुछ दिन पहले मेट-धनोली के किसान आशीष अवथले की बाघ हमले में मौत हो गई थी, जबकि चरवाहा चंदू ढोके ने बड़ी मुश्किल से अपनी जान बचाई। कृषि कार्य, स्कूल जाने वाले छात्र और राहगीर अब डर के साए में जी रहे हैं। क्षेत्र के किसान चंद्रशेखर ढोरे, रमेश चव्हाण, राहुल डोंगरे, राजू किनेकर, महेश तिवारी जैसे कई नागरिकों ने मांग की है कि जंगली जानवरों की रोकथाम के लिए ठोस उपाय किए जाएं।

### स्थानीय नागरिकों की गुहार

ग्रामीणों ने कहा है कि तेंदुए अब घर तक पहुंच रहे हैं, और हर सप्ताह किसी न किसी गांव में हमला हो रहा है। हालांकि वन विभाग मौके पर पहुंचता है और पंचनामा करता है, लेकिन मुआवजा मिलने में काफी समय लगता है।



# 23 जून से स्कूल खुलेंगे, शिक्षा विभाग करेगा सख्त निरीक्षण

## > बदलापुर जैसी घटनाओं से बचाव हेतु स्कूलों में सीसीटीवी, गार्ड, शिकायत पेटी अनिवार्य

**भंडारा.**

गर्मी की छुट्टियों के बाद 23 जून से सभी सरकारी और निजी स्कूल खुलेंगे। स्कूलों में नियमों का पालन हो रहा है या नहीं इसको लेकर शिक्षा विभाग ने गहन निरीक्षण शुरू करने का ऐलान किया है। बदलापुर के एक स्कूल में दो बच्चों की घटना की पुनरावृत्ति रोकने के लिए राज्य के विभिन्न जिलों के स्कूलों में सीसीटीवी, सुरक्षा गार्ड, शिकायत पेटी और कर्मचारियों के चरित्र की जांच अनिवार्य कर दी गई है। अगर यह पाया गया कि स्कूल प्रबंधन ने नियमों की अनदेखी की है, तो पहले स्पष्टीकरण दिया जाएगा और अगर स्कूल नियमों के पालन में आनाकानी करता है, तो संबंधित स्कूल की मान्यता रद्द कर दी जाएगी ऐसी चेतावनी भी दी।



कुछ महीने पहले राज्य के बदलापुर में एक निजी स्कूल में प्रताड़ना की घटना हुई थी। इस घटना के बाद महायुति सरकार पर जमकर हमला हुआ था। इस मामले के संदिग्ध अक्षय शिंदे की मुठभेड़ में मौत हो गई थी और इस घटना के लिए कोर्ट ने महायुति सरकार को फटकार लगाई थी। घटना का संज्ञान लेते हुए राज्य स्कूल शिक्षा विभाग ने राज्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति रोकने तथा विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाए हैं।

यौन अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 केन्द्र सरकार का अधिनियम है तथा उक्त अधिनियम के अन्तर्गत विनियम केन्द्र सरकार द्वारा 14 नवम्बर 2012 से लागू किए गए हैं। इस अधिनियम के प्रयोजनार्थ 18 वर्ष तक की आयु के व्यक्ति को बालक माना गया है। बालकों के यौन शोषण की सूचना मिलने पर सम्बन्धित शिक्षण संस्थान प्रबंधन/शिक्षकों तथा विद्यालयों को अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार स्थानीय पुलिस थाने अथवा विशेष किशोर पुलिस दल को सूचित करना अनिवार्य होगा।

### विद्यार्थी के साथ दुर्व्यवहार होता है तो शिकायत करें

विद्यालय में विद्यार्थियों के साथ दुर्व्यवहार की शिकायत पास्को ई-बॉक्स तथा चिराग एप पर दर्ज कराने में विद्यार्थियों की सहायता करना आवश्यक होगा। सभी स्कूल परिसर में चारदीवारी होना अनिवार्य है, सुबह, दोपहर और स्कूल से निकलते समय छात्रों की उपस्थिति दर्ज करना, छात्र के अनुपस्थित रहने पर अभिभावकों को संदेश भेजना, छात्रों की काउंसलिंग करना, कर्मचारियों का चरित्र परीक्षण करना। जिस बस में छात्र यात्रा करेंगे, उस बस के चालक का सत्यापन करना, बस में जीपीएस सिस्टम लगाना, शौचालय और वाशरूम की नियमित सफाई करना आवश्यक है।

# संभागीय आयुक्त ने किया मनसावली ग्रामपंचायत का दौरा

## > स्वच्छता अभियान के तहत गांव का निरीक्षण



**गाड़ेगांव/हिंगणघाट.**

हिंगनघाट की मनसावली ग्रामपंचायत में 18 जून 2025 को संभागीय आयुक्त विवेक इल्मे (नागपुर) के नेतृत्व में संत गाडगे बाबा ग्राम स्वच्छता अभियान के तहत गांव का विशेष निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर मनसावली गांव में स्वच्छता और विकास कार्यों की समीक्षा की गई। मनसावली ग्रामपंचायत का गठन तीन वर्ष पूर्व हुआ था। इस चुनाव में जनता ने भारी मतों से प्रांजलि मुकेश भोयर को सरपंच के रूप में चुना था। सरपंच बनने के बाद प्रांजलि भोयर ने जनविश्वास को कायम रखते हुए ग्राम के सर्वांगीण विकास के लिए उल्लेखनीय कार्य किए हैं, जिसके चलते उन्हें तालुका और जिला स्तर पर कई पुरस्कारों से नवाजा गया है। इतना ही नहीं, आगामी स्वतंत्रता दिवस पर उन्हें ग्रामीण विकास मंत्रालय, मुंबई द्वारा विशेष सम्मान दिया जाएगा। संभागीय स्तर पर आयोजित इस स्वच्छता अभियान में आयुक्त विवेक इल्मे के साथ कमल किशोर फुटाने, अमोल महल्ले (विस्तार अधिकारी), गट विकास अधिकारी बेहरे, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी जाधव, ग्राम विकास अधिकारी धोपटे, सरपंच प्रांजलि भोयर सहित ग्राम के वरिष्ठ नागरिक, युवक-युवतियां और महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुईं। गांव में प्रभातफेरी का आयोजन किया गया, जहां रंगोली और भजन मंडलों की प्रस्तुतियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। महिला भजन मंडल, गुरुदेव सेवा मंडल और वारकरी भजन मंडल ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर विभागीय आयुक्त ने गांव के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण कर स्वच्छता और विकास के प्रयासों पर संतोष व्यक्त किया तथा गांव के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# राज्य सरकार ने पूरा नहीं किया ऋण माफी का वादा

## > राष्ट्रवादी शरदचंद्र पवार गुट ने उपविभागीय अधिकारी को सौंपा निवेदन

### किसानों की समस्याओं को लेकर जोरदार हलचल

**हिंगनघाट.**

राज्य सरकार द्वारा किसानों से किए गए ऋण माफी के वादे को अब तक पूरा नहीं किए जाने के विरोध में राष्ट्रवादी शरदचंद्र पवार पार्टी ने जोरदार हलचल की। पार्टी के प्रदेश महासचिव अतुल वांदिले के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उपविभागीय अधिकारी कार्यालय का घेराव करते हुए एक निवेदन सौंपा।



इस निवेदन में मांग की गई कि राज्य सरकार ने विधानसभा चुनावों के दौरान सभी किसानों का ऋण माफ करने का वादा किया था, लेकिन सत्ता में आए छह महीने बीत जाने के बाद भी यह वादा अधूरा है। इससे किसानों में भारी नाराजगी व्याप्त है। किसानों को उम्मीद थी कि महायुति सरकार के सत्ता में आने के बाद उन्हें पूर्ण ऋण माफी का लाभ मिलेगा, परंतु अब तक उन्हें कोई राहत नहीं मिली। अतः सरकार को वादा निभाकर किसानों का सातबार कोरा करते हुए तत्काल ऋण माफ करना चाहिए।

साथ ही, निवेदन में यह भी उल्लेख किया गया कि वर्ष 2021 से जिले के हजारों किसानों ने कृषि पंपों के लिए पारंपरिक बिजली कनेक्शन हेतु महावितरण को आवेदन दिए थे। इनमें से करीब 1190 किसानों ने अपने कुएं पूरे कर लिए और सभी आवश्यक दस्तावेज भी जमा कर दिए, लेकिन उन्हें आज तक बिजली कनेक्शन नहीं मिला है।

अब महावितरण द्वारा इन किसानों के आवेदन अस्वीकार कर उनके चेक लौटाए जा रहे हैं और उन्हें महंगे सोलर पंप खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है। जबकि सोलर पंप की जलशक्ति सिंचाई के लिए अपर्याप्त है और इसकी लागत भी किसानों के लिए वहन करना कठिन है।

राष्ट्रवादी शरदचंद्र पवार गुट ने मांग की है कि किसानों को मजबूर करने की यह नीति तुरंत बंद की जाए और उन्हें पारंपरिक बिजली कनेक्शन जल्द से जल्द उपलब्ध कराए जाएं।

इस आंदोलन के दौरान राष्ट्रवादी कांग्रेस के तालुका और शहर के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी व अनेक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# हिंदी विश्वविद्यालय में रक्तदान शिविर संपन्न, 60 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

**वर्धा.**

विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा में आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के धन्वंतरि अस्पताल में आयोजित इस शिविर का उद्घाटन कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. आनन्द पाटील भी उपस्थित रहे। दोनों ने धन्वंतरि की प्रतिमा का पूजन कर रक्तदान शिविर की शुरुआत की।



इस वर्ष रक्तदान का संदेश "रक्त दो, आशा दो : एक साथ मिलकर जीवन बचाएं" दिया गया, जिसे ध्यान में रखते हुए कुलपति प्रो. शर्मा ने मानवता के हित में सभी से रक्तदान करने का आह्वान किया। शिविर में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और 60 से अधिक रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

इस शिविर में जिला सामान्य अस्पताल, वर्धा की विशेषज्ञ टीम द्वारा रक्त संकलन किया गया। इस टीम में जनसंपर्क अधिकारी प्रवीण गावंडे, डॉ. शैलेश जामगे, वैशाली जगताप, गणेश्री लांजेवार, किशोर महाजन और अंकुश कांचनपुरे शामिल थे।

रक्तदान शिविर के आयोजन में विधि विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. जनार्दन कुमार तिवारी, संस्कृति विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. दिगंबर तंगलवाड, एनएसएस संयोजक डॉ. बालाजी चिरडे, एनसीसी अधिकारी डॉ. अनिकेत आंबेकर, सहायक कुलसचिव विनोद वैद्य, सहायक प्रोफेसर डॉ. अनवर अहमद सिद्दीकी, डॉ. संदीप पाटील, डॉ. हेमचंद ससाने, डॉ. शिवसिंह बघेल, डॉ. श्रीनिकेत कुमार मिश्र, परामर्शदाता डॉ. हेमंत धामट, हिंदी अधिकारी राजेश यादव, जनसंपर्क अधिकारी बी.एस. मिरगे, सुरक्षा अधिकारी सुधीर खरकटे समेत कई शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे। शिविर को सफल बनाने में राजीव पाठक, सौरभ पांडेय, चैताली भोयर, चंद्रावती दांगी, वैशाली चव्हाण, सचिन आडे और मनोज वर्मा का विशेष योगदान रहा।

यह शिविर न सिर्फ एक स्वास्थ्य सेवा का उदाहरण बना, बल्कि विश्वविद्यालय में सामाजिक जागरूकता और सेवा भावना को भी नई दिशा देने वाला सिद्ध हुआ।

# पंचायत समिति समुद्रपुर की पहल पर प्री-स्कूल तैयारी बैठक आयोजित

### विद्यालयों में पहले दिन से ही स्वागत और शिक्षा का माहौल तैयार करने पर दिया गया जोर



**समुद्रपुर.**

पंचायत समिति समुद्रपुर की ओर से विद्या विकास महाविद्यालय, समुद्रपुर में तालुका के सभी स्कूल प्राचार्यों के लिए प्री-स्कूल तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का उद्देश्य स्कूल खुलने से पहले विद्यालयों को मानसिक, भौतिक एवं शैक्षणिक रूप से तैयार करना था, ताकि बच्चों को पहले दिन से ही स्वागतपूर्ण और प्रेरणादायक वातावरण मिल सके।

इस अवसर पर समूह शिक्षा अधिकारी अशोक गिडेवार ने उपस्थित प्राचार्यों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि स्कूल का पहला दिन बच्चों के जीवन का विशेष दिन होता है। इसलिए विद्यालयों को स्वच्छ, सुरक्षित, स्वस्थ और आनंदमय माहौल के साथ तैयार रहना चाहिए। उन्होंने 'विनोबा ऐप' के उपयोग और शिक्षकों के लिए इसके लाभों की जानकारी दी।

साथ ही, 100% पात्र छात्रों के नामांकन और नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। ललित कुमार बारसागड़े ने पोषण आहार योजना की जानकारी देते हुए कहा कि स्कूल के पहले दिन बच्चों को मिठाई या विशेष भोज्य पदार्थ देकर उन्हें आनंदित किया जाए।

केंद्र प्रमुख अशोक आड़े ने स्कूल की पूर्व-तैयारी को लेकर विभिन्न जरूरी पहलुओं पर प्रकाश डाला। विषय विशेषज्ञ सुरेश भाईमारे ने उल्हास नवभारत साक्षरता अभियान के महत्व और इसके क्रियान्वयन पर विस्तार से जानकारी दी।

बैठक में केंद्र प्रमुख संजय ढाक, विषय विशेषज्ञ, विशेष शिक्षक एवं अन्य गणमान्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के अंत में केंद्र प्रमुख अशोक आड़े ने सभी अतिथियों और सहभागियों का आभार व्यक्त किया।

इस बैठक ने सभी प्राचार्यों को नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत को सकारात्मक, प्रेरणादायक और सुनियोजित रूप देने की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान किया।

# पोहाना शिवार में अवैध रेत परिवहन पर पुलिस की कार्रवाई

**हिंगनघाट.** वडनेर पुलिस थाने की सीमा अंतर्गत पोहाना शिवार में अवैध रूप से रेत का परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुल 1 लाख 30 हजार 800 रुपये मूल्य का माल जब्त किया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 19 जून की शाम करीब 6 बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि पोहाना शिवार क्षेत्र में अवैध रूप से रेत का परिवहन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही वडनेर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान ट्रैक्टर क्रमांक एमएच 29 बीसी 4860 में रेत भरी पाई गई।

इसके बाद पुलिस ने ट्रैक्टर सहित रेत को जब्त कर लिया। जब्त माल की अनुमानित कीमत 1 लाख 30 हजार 800 रुपये आंकी गई है। इस संबंध में वडनेर पुलिस थाने में मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन करने वालों में हड़कंप मच गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की जांच जारी है।



# बैलगाड़ी के सामने आए सुअर से बिगड़ी संतुलन

## दोनों बैल कुएं में गिरकर मरे – किसान की जान बची

**समुद्रपुर.**

समुद्रपुर तहसील के तास गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना में बैलगाड़ी के सामने अचानक सुअर आ जाने से बैल बेकाबू हो गए और बैलगाड़ी सहित कुएं में गिर पड़े। हादसे में दोनों बैलों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बैलगाड़ी में सवार किसान ने समय रहते छलांग लगाकर अपनी जान बचा ली।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, तास निवासी किसान ज्ञानेश्वर वैद्य सोमवार सुबह बैलगाड़ी से खेत की ओर जा रहे थे। तभी अचानक रास्ते में एक सुअर सामने आ गया। बैल डरकर उछलने लगे और बेकाबू हो गए। इससे बैलगाड़ी अनियंत्रित होकर सीधे खेत के पास स्थित कुएं में जा गिरी। किसान ने सतर्कता दिखाते हुए समय रहते बैलगाड़ी से कूदकर अपनी जान बचा ली, लेकिन दोनों बैल बैलगाड़ी सहित कुएं में गिर गए। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और दोनों बैलों को बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन तब तक दोनों बैलों की मौत हो चुकी थी। इन बैलों की कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपए बताई जा रही है। इस दुर्भाग्यपूर्ण हादसे से किसान ज्ञानेश्वर वैद्य को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि किसान को उचित आर्थिक मुआवजा दिया जाए, ताकि खेती के मौजूदा सीजन में उसे कोई कठिनाई न हो।

# संतृप्ति शिविर का आयोजन 24 जून को

### आदिवासी समुदाय के लिए योजनाओं का लाभ और पंजीकरण एक ही छत के नीचे

हिंगनघाट. मौजा रिमडोह गांव में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत संतृप्ति शिविर का आयोजन 24 जून 2025 को किया जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य आदिवासी समुदाय के अंतिम व्यक्ति तक शासकीय योजनाओं के लाभ पहुंचाना और योजनाओं के प्रति जागरूकता पैदा करना है।

इस सिलसिले में आज दिनांक 19 जून 2025 को उपविभागीय अधिकारी आकाश अवतारे की अध्यक्षता में तालुका प्रशासन की बैठक आयोजित की गई, जिसमें शिविर की तैयारी और सफल आयोजन के लिए सभी संबंधित विभागों और एजेंसियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

शिविर में रिमडोह गांव के साथ-साथ आजंती कोल्ही व चिचघाट क्षेत्र के आदिवासी नागरिकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। इसमें आधार कार्ड पंजीकरण व वितरण, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान योजना, जनधन खाता, बीमा योजना तथा अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाएं शामिल हैं।

यह शिविर रिमडोह स्थित मोठा मारोती मंदिर परिसर में आयोजित किया जाएगा। तहसीलदार श्री योगेश शिंदे ने क्षेत्र के सभी आदिवासी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में उपस्थित होकर इसका लाभ लेने की अपील की है। शिविर के माध्यम से शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाकर आदिवासी समाज को मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। यह शिविर सरकारी सेवाओं को सरल, पारदर्शी और प्रभावशाली रूप में नागरिकों तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

# बच्चू कडु की याचिका पर जवाब देने विपक्ष ने मांगा दो दिन का समय, 24 जून को हाईकोर्ट में सुनवाई

**अमरावती.**

अमरावती जिला केंद्रीय सहकारी बैंक (एडीसीसी) के चेयरमैन पूर्व मंत्री बच्चू कडू को निदेशक और अध्यक्ष पद से अयोग्य ठहराने संबंधी याचिका की सुनवाई अब मंगलवार 24 जून को होगी। सहकारिता विभाग इस बात पर ध्यान केंद्रित कर रहा है कि मंगलवार को क्या होगा, क्योंकि इस मामले में विपक्ष ने अपना पक्ष रखने के लिए दो दिन का समय मांगा है। एडीसीसी के डायरेक्टर हरिभाऊ मोहोड और 11 अन्य डायरेक्टरों ने विभागीय संयुक्त रजिस्ट्रार को शिकायत की थी कि बच्चू कडू निदेशक और अध्यक्ष पद के लिए योग्य नहीं हैं। कडू को नासिक कोर्ट ने एक मामले में दोषी करार देते हुए एक साल की सजा सुनाई है। यह मामला वर्ष 2017 का है। इसलिए बैंक के उपनियमों के अनुसार वे निदेशक और अध्यक्ष पद के लिए अयोग्य हैं, ऐसा शिकायतकर्ताओं ने तर्क दिया। इस मामले को संज्ञान में लेते हुए विभागीय संयुक्त पंजीयक न्यायालय ने बच्चू कडू को दोनों पदों के लिए अयोग्य घोषित कर दिया। अयोग्यता संबंधी यह निर्णय पिछले सोमवार को सामने आया।



इसके ठीक अगले दिन बच्च्चू कडू की ओर से बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर खंडपीठ में याचिका दायर की गई। इस याचिका के माध्यम से विभागीय संयुक्त पंजीयक के निर्णय को चुनौती दी गई है। इस याचिका पर आज गुरुवार को न्यायमूर्ति पानसरे की एकल पीठ के समक्ष सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान विरोधी पक्ष ने दो दिन का समय मांगा।

### अगली सुनवाई 24 जून को सही होगी


चूंकि विरोधी पक्ष ने मंगलवार को ही इस मामले में 'केव' भी दायर किया था, इसलिए न्यायाधीश ने समय मांगने की उनकी बात को स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई 24 जून को तय की। इस मामले में बच्चू कडू की ओर से अधिवक्ता पराग कडू बहस करेंगे। अधिवक्ता नीलेश गावंडे विरोधी पक्ष का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

# मेलघाट में अंग्रेजों के जमाने के पुल खतरनाक स्थिति में

## > दुर्घटना की आशंका ! कई पुल खतरनाक स्थिति में

**अमरावती.**

मानसून का मौसम शुरू होते ही मेलघाट में कई सड़कें खस्ताहाल हो जाती हैं। घाटियों में बसे मेलघाट इलाके में पुलों से पानी आने पर संपर्क टूट जाता है। अमरावती जिले के मेलघाट इलाके में मुख्य सड़क पर कुल 118 पुल हैं। इनमें से 20 पुल यातायात के लिए बेहद खतरनाक हो गए हैं। चूंकि कुछ पुल अंग्रेजों के जमाने के हैं, इसलिए वे सचमुच ढह गए हैं। बारिश के कारण कई पुल खराब हो गए हैं। वहीं, संकरे होने के कारण वे खतरनाक होते जा रहे हैं। जब पुलों के ऊपर से पानी बहता है, तो कई गांवों का संपर्क टूट जाता है। इसलिए ऐसी जगहों पर नए पुल बनाने की मांग की जा रही है।



मेलघाट में एक बड़ा बाघ परियोजना है और इस बाघ परियोजना के तहत आने वाली सड़कें भी बेहद खस्ता हालत में हैं। सड़कों की मरम्मत के लिए वन विभाग से अनुमति लेनी पड़ती है। आदिवासियों का कहना है कि मेलघाट में आदिवासी भाइयों को सड़कों की दयनीय स्थिति के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अब इन सड़कों की तत्काल मरम्मत की मांग की जा रही है।

पर्यटकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है मेलघाट में स्थित पर्यटन स्थल चिखलदरा को विदर्भ का कश्मीर कहा जाता है। हर साल मानसून के दौरान लाखों पर्यटक यहां पर्यटन के लिए आते हैं। लेकिन पार्थवाड़ा से चिखलदरा तक की सड़क भी ऐसी ही खस्ताहाल है, इसलिए पर्यटकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। क्या लोक निर्माण विभाग इस समस्या पर ध्यान देगा? यह सवाल आदिवासियों द्वारा पूछा जा रहा है।

# ट्यूमर से जूझ रही महिला की बची जान

## > जटिल श्वासनली सर्जरी रही सफल

**नागपुर.**



वोक्हार्ट हॉस्पिटल्स में चिकित्सा विज्ञान ने एक बार फिर उम्मीद की किरण जगाई है। चंद्रपुर निवासी 53 वर्षीय महिला, जो गंभीर श्वास संबंधी तकलीफों के चलते जीवन-मृत्यु के बीच झूल रही थीं, उन्हें विशेषज्ञों की बहु-अनुशांगिक टीम ने समय रहते बचा लिया।

महिला की श्वासनली लगभग पूरी तरह अवरुद्ध थी, जिससे एक फेफड़ा पूरी तरह और दूसरा लगभग बंद हो चुका था।

5 जून को की गई जटिल ब्रोंकोस्कोपिक सर्जरी, जिसमें क्रायोबायोप्सी, ट्यूमर डिबल्किंग और वाय-आकार का स्टेंट डालना शामिल था. विवि-इसीएमओ तकनीक की सहायता से सफलतापूर्वक पूर्ण हुई। विशेषज्ञों की टीम में डॉ. चेतन शर्मा, डॉ. समीर अर्बट, डॉ. सुमित नारंग समेत कई अनुभवी डॉक्टर शामिल रहे।

मरीज को 7 जून तक आईसीयू में गहन निगरानी में रखा गया और अब वह स्वस्थ होकर सामान्य स्थिति की ओर लौट रही हैं। यह सिर्फ एक सर्जरी नहीं, बल्कि एक नया जीवन है – विज्ञान, समर्पण और टीमवर्क की जीत!

यह मामला दर्शाता है कि भारत में अब जटिल और जीवनरक्षक उपचार न केवल संभव हैं, बल्कि सफलतापूर्वक किए जा रहे हैं।

# बुनकर कॉलोनी में बिजली संकट को लेकर ज्ञापन सौंपा ज्ञापन

**कामठी.**



डॉ.शेख़ बुनकर कॉलोनी क्षेत्र में बिजली की समस्या को देखते हुए, डीपी (डिस्ट्रीब्यूशन पॉइंट) को बदलने और बिजली के लोड को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग को लेकर कोशिश फाउंडेशन के प्रतिनिधि मंडल ने महावितरण कामठी विभाग के कार्यकारी अभियंता सुरेश राठौड़ मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपकर मांग की है।

उन्होंने बताया कि क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति में अक्सर व्यवधान आता है, और कई बार ऐसा होता है कि बिजली का लोड बहुत अधिक होने के कारण डीपी (डिस्ट्रीब्यूशन पॉइंट) ट्रिप हो जाता है, जिससे बिजली गुल हो जाती है।

इससे कॉलोनी के घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में काफी परेशानी होती है।

क्षेत्र में डीपी को बदलवाएं और बिजली के लोड को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। इससे कॉलोनी क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति में सुधार होगा और बिजली गुल होने की समस्या से निजात मिलेगी। इस मौके पर कोशिश फाउंडेशन के अध्यक्ष मोहसिन अख्तर, उपाध्यक्ष आसिफ अख्तर, महासचिव तारिक अहमद, सचिव तंजीम अहमद, मोहम्मद मोहसिन, आसिफ अहमद, अब्दुल अज़ीज़, शाहिद अहमद, मोहसिन रजा, मोहम्मद मोनिस, अब्दुल्ला सिंघानिया आदि प्रमुखता से मौजुद रहें।

# 'सगाई से बिदाई तक' जब इवेंट प्लानर बन जाएं आपका अपना!

**इमरान दाउदी बिजनेस हेड**

**नागपुर.** सोनल लोया की 'सखी क्रिएशंस एंड इवेंट्स' दे रही है शादियों को पारिवारिक स्पर्श और दिल से जुड़ा अनुभव शादी एक ऐसा आयोजन जो जीवन में सिर्फ एक बार होता है, और हर कोई चाहता है कि वह पल यादगार बन जाए। पहले जब संयुक्त परिवार होते थे, तब रिश्तेदारों, पड़ोसियों और दोस्तों की भागीदारी से हर रस्म खास बनती थी। लेकिन आज की दौड़ती-भागती ज़िंदगी में यह आत्मीयता कहीं खोती जा रही है। इसी कमी को भरने का बीड़ा उठाया है नागपुर की सोनल लोया ने, जिन्होंने सखी क्रिएशन्स एंड इवेंट्स की शुरुआत की इस सोच के साथ कि शादियों को सिर्फ इवेंट न मानकर, एक भावनात्मक और पारिवारिक अनुभव बनाया जाए।

### 'शौक से शुरू हुआ सफर, बन गया पेशा'

सोनल को बचपन से ही ड्राइंग और पेंटिंग का शौक था। वे घर पर सजावट और गिफ्ट पैकिंग जैसे रचनात्मक काम करती थीं। एक दिन किसी परिचित ने उनसे वैडिंग प्लानिंग में मदद मांगी, और यहीं से उनकी रचनात्मकता को एक नई दिशा मिली। धीरे-धीरे यह शौक एक प्रोफेशनल करियर में तब्दील हो गया। आज सोनल सैकड़ों शादियों को सफलतापूर्वक आयोजित कर चुकी हैं। उनकी टैगलाइन ही उनकी सोच को दर्शाती है, 'सगाई से बिदाई तक साथ।'

### 'हर आयोजन में परिवार की तरह जुड़ाव'

सखी क्रिएशन्स सिर्फ एक इवेंट कंपनी नहीं, बल्कि हर आयोजन में परिवार का हिस्सा बनकर काम करती है। हल्दी, मेहंदी, संगीत, फेरे, रिसेप्शन—हर रस्म की थीम, डेकोर और कस्टम प्लानिंग क्लाइंट की पसंद और पारिवारिक परंपरा के अनुसार की जाती है। सोनल कहती हैं, 'हमारे लिए हर क्लाइंट एक नया अनुभव होता है। इवेंट चाहे हमारे लिए एक काम हो, लेकिन उनके लिए वह जीवन का सबसे महत्वपूर्ण दिन होता है। इसीलिए हम हर छोटी-बड़ी बात को समझकर उसे खास बनाने की कोशिश करते हैं।'

### 'डेस्टिनेशन वेडिंग से लेकर पारंपरिक आयोजनों तक'

चाहे नागपुर की पारंपरिक घरेलू शादी हो या राजस्थान के जैसलमेर, उदयपुर जैसी जगहों पर भव्य डेस्टिनेशन वेडिंग—सोनल और उनकी टीम हर आयोजन को पूरी संजीदगी और सांस्कृतिक समझ के साथ अंजाम देती हैं। थीम डिजाइनिंग से लेकर म्यूज़िक, लाइटिंग, सजावट, मेहमानों की सुविधा और हर छोटी-बड़ी व्यवस्था में उनका प्रोफेशनल टच और दिल से जुड़ा अंदाज़ साफ नजर आता है। इस काम में उनके पति संजय लोया का भी उन्हें पूरा साथ मिलता है, जिससे हर आयोजन में प्रोफेशनलिज्म और पारिवारिक जुड़ाव का सुंदर मेल दिखता है।

### 'अब बेटे प्रयांश संजय लोया ने भी जोड़ा कंधे से कंधा'

अब इस पारिवारिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए उनके बेटे प्रयांश संजय लोया भी इस व्यवसाय से जुड़ गए हैं। प्रयांश वर्तमान में मुंबई की एक प्रतिष्ठित इवेंट कंपनी के साथ कार्यरत हैं और वहां कई बॉलीवुड सितारों की शादियों और हाई-प्रोफाइल इवेंट्स में अपनी सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं। प्रयांश ने इस क्षेत्र में आधुनिक तकनीक, डिज़ाइन और नई पीढ़ी की सोच को मिलाकर पारंपरिक मूल्यों के साथ एक सुंदर संतुलन स्थापित किया है। उनकी भागीदारी से सखी क्रिएशन्स को नागपुर से बाहर भी विशेष पहचान मिलने लगी है—अब यह ब्रांड मुंबई जैसे महानगरों में भी विश्वास के साथ उभर रहा है।

### 'अब विदेशों में भी पंख फैलाने की तैयारी'

सखी क्रिएशन्स एंड इवेंट्स अब भारत के बाहर भी अपनी सेवाएं देने की तैयारी कर रही है। कंपनी को हाल ही में इंटरनेशनल डेस्टिनेशन वेडिंग्स के आयोजन के प्रस्ताव मिले हैं। जल्द ही सोनल और उनकी टीम विदेशों में होने वाली भारतीय शादियों और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए कार्य शुरू करेंगी, जिससे न केवल भारतीय परंपराओं को अंतरराष्ट्रीय मंच मिलेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिल सकेंगे।

### 'क्लाइंट की मुस्कान ही सबसे बड़ी कमाई'

सोनल भावुक होकर कहती हैं, "जब आयोजन के अंत में कोई कहता है कि 'आपने तो परिवार जैसा साथ दिया', तो वही हमारे लिए सबसे बड़ा इनाम होता है। पैसा तो कहीं भी कमाया जा सकता है, लेकिन लोगों की यादों में जगह बनाना ही हमारे लिए सबसे बड़ी पूंजी है।'


संपर्क करें:

**'सखी क्रिएशन्स एंड इवेंट्स'**

शोरूम 10, उमा अपार्टमेंट, तिलक रोड, महल, नागपुर – 440032
सोनल लोया: 9881143418
संजय लोया: 9822202297
प्रियांश संजय लोया: 8103848970
ईमेल:[eventssakhi@gmail.com](mailto:eventssakhi@gmail.com)

**हमसे जुड़ें सोशल मीडिया पर:**

इंस्टाग्राम:[@sakhicreationandevents](https://www.instagram.com/sakhicreationandevents)



Sagai se bidai tak
Sakhi
Creation & Events

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मादक पदार्थों के बारे में जागरूकता




**कामठी.**

नागपुर शहर पुलिस आयुक्त डॉ. रवींद्र सिंघल की पहल पर, पुलिस प्रशासन ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मादक पदार्थों के बारे में गोयल टॉकीज चौक, शुक्रवारी बाजार, फेरुमल चौक पर जन जागरूकता अभियान चलाया। आज नवीन कामठी पुलिस स्टेशन और जुनी कामठी पुलिस स्टेशन ने संयुक्त रूप से नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मादक पदार्थों जैसे एमडी, ब्राउन शुगर, गांजा, चरस, अफीम और विदेशी शराब के दुष्प्रभावों के बारे में जन जागरूकता अभियान चलाया।

यह आयोजन पुलिस उपायुक्त निकेतन कदम, सहायक पुलिस आयुक्त विशाल क्षीरसागर, नवीन कामठी के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश आंधले, और जुनी कामठी के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रशांत जुमडे के मार्गदर्शन में हुआ।

# कडोली ग्रामपंचायत का आयोजित स्वास्थ्य शिविर संपन्न

**कामठी.**



तालुका के कडोली ग्रामपंचायत की ओर से आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का 250 नागरिकों ने लाभ उठाया। स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन सरपंच लक्ष्मण करारे के हाथों दीप प्रज्वलित कर और राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज तथा संत गाडगेबाबा की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर उपसरपंच महेश कृपाले, ग्राम विकास अधिकारी उदय चांदूरकर, ग्रामपंचायत सदस्य आरती घुले, मीनाक्षी ठाकरे, संगीता चौधरी, इंदिरा रंगारी, छाया ढोके, गोविंदा ठाकरे, राकेश गावंडे, बबन वानखेड़े उपस्थित थे।

स्वास्थ्य शिविर में डॉ. राजश्री कापकर, डॉ. समीर चौधरी, डॉ. मयूर, और डॉ. जयंत ने रक्तचाप, मधुमेह, अस्थिरोग, हृदयरोग, चर्मरोग, स्त्रीरोग सहित विभिन्न बीमारियों की जांच कर उपचार के लिए उचित मार्गदर्शन किया। इस शिविर में 250 नागरिकों ने जांच करवाकर स्वास्थ्य लाभ लिया.

स्वास्थ्य शिविर के उद्घाटन अवसर पर मार्गदर्शन करते हुए सरपंच लक्ष्मण करारे ने ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों से सरकार की विभिन्न योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन और आभार प्रदर्शन ग्राम विकास अधिकारी उदय चांदूरकर ने किया।

# महावितरण कर्मियों की सुरक्षा हेतु 'ऑनलाइन मॉड्यूल' का उद्घाटन

**अमरावती.**




महावितरण द्वारा तकनीकी कर्मचारियों को 20 से 25 प्रकार के व्यक्तिगत व सामान्य सुरक्षा उपकरण प्रदान किए जाते हैं, ताकि वे बिजली व्यवस्था में सुरक्षित रूप से मरम्मत व देखभाल का कार्य कर सकें। इन उपकरणों की तत्काल उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु 'टी एंड पी रजिस्टर मॉड्यूल' नामक एक स्वतंत्र ऑनलाइन प्रणाली विकसित की गई है। इसका उद्घाटन सीएमडी लोकेश चंद्र ने 18 जून को नाशिक में किया। इस ऑनलाइन मॉड्यूल के माध्यम से कर्मचारियों को टेस्टर, स्क्रू ड्रायव्हर, रबर ग्लव्स, गमबूट, सेफ्टी बेल्ट, ड्रिल मशीन आदि सुरक्षा उपकरणों की मांग, वितरण व स्टॉक स्थिति की जानकारी एक क्लिक पर उपलब्ध होगी। अब तक यह प्रक्रिया पारंपरिक रूप से मैन्युअली होती थी। यह मॉड्यूल महावितरण के कर्मचारी पोर्टल पर उपलब्ध रहेगा, जिससे सामग्री की गुणवत्ता, उपलब्धता और समयबद्ध बदलाव का रिकॉर्ड ऑनलाइन ही रहेगा। यदि कोई सामग्री समयपूर्व खराब होती है या उसकी समयसीमा समाप्त होती है, तो नई मांग भी तत्काल दर्ज की जा सकेगी।

उद्घाटन कार्यक्रम में दिलीप जगदाले, सचिन तालेवार, राजेंद्र पवार, और प्रसाद रेशमे उपस्थित थे। इस पहल से सुरक्षा सामग्री की पारदर्शी व त्वरित आपूर्ति सुनिश्चित होगी और भंडारण की बेहतर योजना बन सकेगी।

# तेजस ने किया जरूरतमंदों को अनाज वितरित

**कामठी.**



तेजस बहुउद्देशीय संस्था द्वारा प्रतिमाह अनुसार जरूरतमंदों अनाज किराना सामान शुक्रवार को वितरण किया गया। इस मुहिम को पिछले 5 वर्षों से बेसहारा, दिव्यांग, वयोवृद्ध लोगो के लिए चलाया गया अभियान में मदद करने वालों में कामठी छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष महेंद्र भूटानी, विदर्भ वादी नेता सी.ए. सुनील चोखारे, सी.ए. शिल्पी टिबड़ीवाल, तिवारी गैस एजेंसी के संचालक व रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य जयप्रकाश उर्फ बबलु तिवारी, समाजिक कार्यकर्ता सुरेन्द्र उर्फ मोंटू भुटानी, राजू अग्रवाल जी. डी., महाराष्ट्र कपड़ा केंद्र कामठी के संचालक मनोज बतरा, उपजिला रुग्णालय कामठी की अधीक्षक डॉ. नयना दुफारे, सामाजसेविका रजनी पिल्ले, राजस्थान पुलिस से हवलदार पदम वर्मा, संस्था मार्गदर्शक एम.ए. जब्बार, सदस्य अर्जुन उपासे, संस्था उपाध्यक्ष देवीदास पेटारे, संस्था संस्थापक अध्यक्ष चंद्रशेखर अरगुलेवार का समावेश रहता है। इसी कड़ी में तेजस बहुउद्देशीय संस्था के दानदाताओं में एक मनोज बतरा के आज शुक्रवार को जन्मदिन पर जयभीम चौक, कुंभारे कालोनी , सत्रापुर कन्हान, कादर झंडा मस्जिद के पीछे, भाजी मंडी में अन्न व किराना सामान का वितरण किया। अन्न, किराना सामान वितरण करते समय संस्था अध्यक्ष चंद्रशेखर अरगुलेवार, उपाध्यक्ष देवीदास पेटारे, मार्गदर्शक एम.ए. जब्बार, सदस्य अर्जुन उपासे प्रमुखता से उपस्थित थे।

# रणाला गांव में दिव्यांगों को मिला ई-रिक्शा

## > मिला स्वरोजगार का अवसर

**कामठी.**



नागपुर जिले के पालक मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले की दूरदर्शिता और पहल पर लागू की जा रही महत्वाकांक्षी योजना के तहत, रणाला गांव में विकलांग नागरिकों को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए ई-रिक्शा का वितरण किया गया। समाज के जरूरतमंद और दिव्यांग भाइयों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें स्वावलंबी होने के लिए प्रेरित करने वाली यह अत्यंत उपयोगी योजना शुरू करने के लिए रणाला ग्राम पंचायत सरपंच पंकज विमल नागोराव साबरे ने पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले का हृदय से आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर, नई ई-रिक्शा का विधि-विधान से पूजन किया गया। साथ ही, उन्होंने दिव्यांग बॉबी महेंद्र और दिव्यांग कु. सुलोचना रावते को विशेष अभिनंदन किया गया। इसी क्रम में और भी आठ लोगों के निवेदन को मंजूरी मिलने पर उन्हें भी जल्द ई-रिक्शा दिया जाएगा। इस मौके पर सरपंच पंकज साबरे ने कहा कि आने वाले समय में महिला बचत समूहों को स्वरोजगार के लिए आवश्यक सामग्री बड़े पैमाने पर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम में पंचायत समिति कामठी की उपसभापति विमल नागोराव साबरे, ब्रह्मकुमारी विश्वविद्यालय की संचालिका प्रेमलता दीदी, रणाला ग्राम पंचायत की पूर्व सरपंच सुवर्णा प्रशांत साबरे, ग्राम पंचायत सदस्य प्रदीप मुरलीधर सपाटे, ग्राम पंचायत सदस्य मयूर गनेर, ब्रह्माकुमारी वंदना परचुरे दीदी, वात्सल्य प्री स्कूल की संचालिका स्वाती पंकज साबरे आदि गणमान्य व्यक्ति प्रमुखता से मौजुद रहें।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 590-4 | 589-2 |
| श्रीदेवी नाईट | 158-4 | 146-1 |

